CAAE – 4 (H)

सहायक लेखा अधिकारी सामूहिक परीक्षा, 2010

फरवरी, 2011

भारत का संविधान और वित्तीय नियंत्रण

(पुस्तकों के बिना)

समय : 3 घंटे | *अधिकतम अंक : 150*

टिप्पणी: इस प्रश्न पत्र में **10** प्रश्न और **2** पृष्ठ हैं। समूह **'क'** से **किन्हीं चार** प्रश्नों के तथा समूह **'ख'** से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

समूह 'क'

1. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए:

(क) अंतरराज्जीय परिषद *(6 अंक)*

(ख) अध्यादेश जारी करने की राष्ट्रपति की शक्ति *(7 अंक)*

(ग) सार्वजनिक रोजगार के मामलों में अवसर की समानता का मूल अधिकार *(6 अंक)*

(घ) भारत की समेकित निधि को प्रभारित व्यय *(6 अंक)*

2. भारत के नागरिकों को संविधान द्वारा क्या स्वतंत्रताएं प्रदान की गई हैं। इन विभिन्न स्वतंत्रताओं पर किन आधारों पर प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं? *(10+15 अंक)*

3. धन विधेयक की परिभाषा लिखिए। धन विधेयकों को पारित करने में राज्य सभा की क्या भूमिका होती है? *(12+13 अंक)*

4. (क) भारत के नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक के पद पर नियुक्ति की क्या शर्तें हैं? *(10 अंक)*

(ख) संघ और राज्यों के लेखों का स्वरूप कौन निर्धारित करता है और किसके परामर्श पर? *(5 अंक)*

(ग) हमारे संविधान के संबंधित अनुच्छेदों का उल्लेख करते हुए भारत सरकार के लेखे की परिभाषा लिखिए। *(10 अंक)*

5. संविधान की उद्देशिका क्या प्रयोजन पूरा करती है, इसका वर्णन कीजिए। भारत के संविधान की उद्देशिका में निर्धारित किए गए राजनीतिक और आर्थिक उद्देश्यों का विश्लेषण कीजिए। (25 अंक)

6. वे कौन सी स्थितियां हैं जिनके अधीन भारत में वित्तीय आपातकाल की घोषणा की जा सकती है? वित्तीय आपातकाल घोषित करने में संसद की क्या भूमिका होती है। वित्तीय आपातकाल की स्थिति में सरकार क्या निदेश दे सकती है या क्या किफायती उपाय कर सकती है? *(5+10+10 अंक)*

समूह 'ख'

7. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए:
   (क) वित्तीय औचित्य के मानक *(6 अंक)*
   (ख) आकस्मिकता निधि से अग्रिम *(6 अंक)*
   (ग) बोली प्रतिभूति (बयाना जमा) *(6 अंक)*
   (घ) वस्तु शीर्षों और वस्तु श्रेणियों का यौक्तिकीकरण? *(7 अंक)*

8. निम्नलिखित क्रय क्रियाविधियों का संक्षेप में वर्णन कीजिए:
   (क) बिना कोटेशन के सामान की खरीद *(4 अंक)*
   (ख) क्रय समिति द्वारा सामान की खरीद *(5 अंक)*
   (ग) सीमित निविदा पूछताछ *(9 अंक)*
   (घ) विज्ञापित निविदा पूछताछ *(7 अंक)*

9. आहरण तथा संवितरण अधिकारी (डीडीओ) और वेतन तथा लेखा अधिकारी (पीएओ) के बीच व्यय के आंकड़ों के मासिक समाधान की प्रक्रिया का संक्षेप में वर्णन कीजिए। *(25 अंक)*

10. किसी मंत्रालय में अधिशेष/अप्रचलित सामान का निपटान किस प्रकार किया जाता है? दो लाख रुपये से अधिक निर्धारित अवशिष्ट मूल्य के अधिशेष सामान के निपटान की दो प्रारंभिक पद्धतियों का वर्णन कीजिए। *(7+18 अंक)*